हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 6 जनवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 19.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4
पहले एक बड़ा गार्डन था, अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े उद्यानों की श्रृंखलाः ओपी



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम झरगांव निवासी स्व. दशमी यादव का कुआं के पानी में डूबने से 06 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति बलराम यादव हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### एसआईआर के तहत दस्तावेज सत्यापन के लिए समिति गठित

**बलरामपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, जिला निर्वाचन अधिकारी लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में अपर कलेक्टर आरएस लाल को अध्यक्ष व उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया, जिला योजना एवं सांख्यकी अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षक भू-अभिलेख जितेंद्र कुमार डहरे, एलडीएम अंकित शर्मा, सब पोस्टमास्टर अजय कुमार सिंह, सहायक संचालक शिक्षा रामपथ यादव एवं ई-जिला प्रबंधक देवेश्वर कश्यप को सदस्य बनाया गया है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक नाबालिग चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त को छोड़कर अन्य दोस्तों के साथ घर लौट रहा किशोर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए नाबालिग की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी सुजीत तिर्की आ. सुशील तिर्की (15 वर्ष) बीती रात लगभग 9 बजे परिजन को बिना बताए ही बाइक लेकर अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से दोस्त को छोड़ने काली घाट गया था। दोस्त को छोड़ने के बाद वापस घर लौटने लगे तभी काली घाट की समीप ही सुजीत तिर्की बाइक से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। घटना के बाद एक दोस्त ने दौड़कर परिचित को घटना की जानकारी दी। परिजन किशोर को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल किशोर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सूने मकान में चोरी करने के मामले में 4 संदेही पकड़े गए

**अम्बिकापुर।** नवापारा स्थित किराए के सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख से अधिक चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। जबकि एक अन्य संदेही की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी क्षेत्र के बरही खितौली निवासी ज्योति गोस्वामी ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृन्दावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक कृष्ण कांत ने फोन कर बताया कि उसके घर में चोरी हुआ है। चोरी होने की जानकारी लगने पर जब ज्योति गोस्वामी धर आई तो देखी घर में रखे लगभग 3 लाख से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

## भाजपा का परचम आज उन्हीं के कारण लहरा रहा: सिन्हा

# अटल के विचारों से भारत में पड़ी सुशासन की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर






भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय अटल सुशासन सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य अटल जी के विचारों, सुशासन की अवधारणा तथा राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने राजनीति को सेवा, मर्यादा और राष्ट्रहित से जोड़ा।रंजन सिन्हा ने कहा कि आज यदि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है और उसका परचम पूरे देश में लहरा रहा है, तो इसके पीछे अटल बिहारी वाजपेयी का दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण और वैचारिक स्पष्टता का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने आगे कहा कि अटल ने सुशासन को भाषणों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे योजनाओं और नीतियों के माध्यम से जमीन पर उतारकर दिखाया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, ग्राम सड़क योजना, टेली संचार क्रांति, शिक्षा एवं आधारभूत ढांचे के विस्तार जैसे कार्यों ने देश को नई दिशा दी।उन्होंने यह भी कहा कि अटल जी की राजनीति संवाद, सहमति और समावेश की राजनीति थी, जिसमें विरोधियों के प्रति भी सम्मान की भावना रहती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

### शासन जनसेवा का माध्यम

जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शासन को जनसेवा का माध्यम बनाया। उनके निर्णयों का लाभ आज भी देश को मिल रहा है। भाजपा सरकार अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलकर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में विकास को नई गति दे रही है।

### अटल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत वाले व्यक्ति

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की राजनीति राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित थी। पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अटल जी के विचारों को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जनपद अध्यक्ष गंगा भगत, बगीचा नगरपंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, संतोष सिंह, गेंदबिहारी सिंह, शंकर गुप्ता, देवधन नायक, श्यामलाल भगत, श्रीमती रजनी प्रधान, श्रीमती शांति भगत,हदीस अंसारी, मुकेश सोनी, मंगलनाथ सिंह, गोविंद भगत, नेहरू सिंह, प्रभाकर यादव, देवलाल भगत, श्रीमती शारदा प्रधान, नसरुल्ला सिद्दीकी, राजकिशोर जायसवाल, राजू गुप्ता, बलवंत गुप्ता, सतीष गोस्वामी, श्रीमती रीना बारला, नागेंद्र भगत, कृपा भगत, मानू सोनी, दीपू मिश्रा, राजा सोनी, केशव यादव , आशु राय, सावित्री निकुंज, दिनेश बड़ाईक, अशोक यदाव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन में सभी उपस्थित जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

# जिले में स्कूल भवन निर्माण के लिए करोड़ों की सौगात



**जशपुरनगर।** जिले के लिए बीते दो वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम उपलब्धियों से भरे रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को एक के बाद एक महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिलीं, जिनसे न केवल उच्च शिक्षा, बल्कि विद्यालयी शिक्षा और आवासीय सुविधाओं को भी नई मजबूती प्राप्त हुई है।

जन-जन तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार ने जशपुर के भविष्य को नई दिशा देने की शुरुआत कर दी है। सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में 24 नए पोस्ट एवं प्री-मैट्रिक छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए 41 करोड़ 59 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इससे दूरस्थ ग्रामीण इलाकों से आने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित व बेहतर रहने की सुविधा मिलेगी और वे बिना बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे। आदिवासी अंचल के बच्चों को मजबूत शैक्षणिक माहौल देने हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसाबहार और ढूंढरुडांड के भवन निर्माण के लिए 37 करोड़ 80 लाख दृ 37 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। ये दोनों संस्थान आदिवासी बच्चों के जीवन में नई आशा, नई ऊर्जा और बड़े सपनों की उड़ान देंगे। उच्च शिक्षा को और सुलभ बनाने के लिए मनोरा में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 4.61 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। साथ ही करडेगा और फरसाबहार में नए ⏭ शेष पेज 4 पर

# जनदर्शन में आए मामलों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें: कलेक्टर



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिला प्रशासन जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। प्रत्येक सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के समाधान के उद्देश्य से जनदर्शन का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों को त्वरित एवं प्रभावी राहत मिल सके। जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी मांगों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वयं आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने यह भी कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों में विशेष संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर बल दिया।

# शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट

**जशपुरनगर।** थाना फरसाबहार क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



पीड़िता उम्र 38 वर्ष ने थाना फरसाबहार में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 3 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही थी और घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही आरोपी संजीत खलखो उम्र34 वर्ष चुपचाप पीछे से आया, उसे दबोच लिया और गलत नियत से साड़ी-ब्लाउज फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को जमीन पर पटककर मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना फरसाबहार में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74 व 115(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# क्रेडा के तकनीशियनों को दो माह से नहीं मिला वेतन



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ क्रेड़ा ऊर्जा विभाग संघ जशपुर ने कलेक्ट्रेड कार्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। इस दौरान जशपुर जिले के समस्त क्लस्टर तकनीशियन मौजूद रहें।

> ■ छत्तीसगढ़ क्रेड़ा ऊर्जा विभाग संघ ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

क्लस्टर तकनीशियनों ने बताया बीते दो वर्षों से वेतन नियमित रूप से न देकर 2 माह में एक बार भुगतान किया जा रहा है, वह भी पूर्ण राशि न देकर विभिन्न प्रकार की कटौती करने हेतु दवाव बनाया जाता है। कार्य माह पूर्ण होने के पश्चात नए-नए नियम लागू कर दिए जाते हैं, जिनका उद्देश्य केवल भुगतान में कटौती करना प्रतीत होता है। उल्लेखनीय है कि लगाए जा रहे अधिकांश नियम न तो पूर्व में सूचित किए जाते हैं और न ही वैधानिक प्रतीत होते हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में अनेक सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद अवस्था में हैं, जिसकी जानकारी समय-समय पर जिला प्रभारी को लिखित एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है, किंतु न तो समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है और न ही तकनीकी सहायता दी जाती है। इसके बावजूद कार्य न होने का दायित्व हम पर डालते हुए केवल दबाव एवं प्रताड़ना की जाती है।

### क्लस्टर तकनीशियन की अनुबंध में नौकरी

छत्तीसगढ़ क्रेड़ा ऊर्जा विभाग संघ जशपुर ने समय पर वेतन और जॉब सरक्योरिटी की मांग किया है। अमित सिदार क्लस्टर तकनीशियन ने बताया की दो तीन माह में एक महीने का वेतन आता है। यह अनुबंध एक साल का होता है मगर अनुबंध नही बढ़ाकर अवधि बढ़ाया जा रहा है।

# 500 सुरक्षा जवान, 100 सुरक्षा अधिकारी 25 सुरक्षा सुपरवाइजर का होगा चयन

**जशपुरनगर।** जिले के बेरोजगार नवयुवकों के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। निजी क्षेत्र की सिक्योरिटी एजेंसी एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा जिले में 07 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक व्यापक सुरक्षा भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा रीजनल ट्रेनिंग एकेडमी जशपुर की टीम पूरी तरह से तैनात है। इस मेगा भर्ती शिविर के अंतर्गत एसआईएस द्वारा कुल 500 सुरक्षा जवान, 100 सुरक्षा अधिकारी तथा 25 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को एसआईएस के देशभर में स्थित 24 ट्रेनिंग सेंटरों में से एक रीजनल ट्रेनिंग सेंटर जशपुर में एक माह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान पीटी, ड्रिल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सुरक्षा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा तथा शासकीय कार्यालयों की सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर ने बताया कि इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। न्यूनतम योग्यता दसवीं पास या फेल, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, तथा न्यूनतम वजन 56 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### जशपुर जिले में भर्ती शिविर निम्न तिथियों को आयोजित होंगे

07 जनवरी को कांसाबेल थाना, 08 जनवरी को बगीचा थाना, 09 जनवरी को कुनकुरी थाना, 10 जनवरी को नारायणपुर थाना, 12 जनवरी को दुलदुला थाना, 13 जनवरी को आस्ता थाना, 14 जनवरी को सन्ना थाना, 15 जनवरी को तुमला थाना, 16 जनवरी को फरसाबहार थाना, 17 जनवरी को पत्थलगांव थाना, 18 जनवरी को तपकरा थाना, 19 जनवरी को जशपुर थाना एवं 20 जनवरी को एसआई डोडकाचौरा में भर्ती की जाएगी। भर्ती अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात सभी चयनित जवानों को एसआईएस लिमिटेड के अंतर्गत देशभर के विभिन्न कार्यस्थलों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। इनमें लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, हुमायूं का मकबरा, सांची, स्टेट बैंक, एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआईटी, टाटा-बिरला ग्रुप, हिन्दालको, विप्रो, एयरपोर्ट, चेक पोस्ट आदि प्रमुख स्थान शामिल हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: चयन ट्रायल 6- से 8 को रायपुर और बिलासपुर में

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर $91-8871419609 पर फोन कर या वेबसाइट के माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायलस्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने को कहा है।

**रायपुर में होंगे वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल:** रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे नौ बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के ट्रायल बिलासपुर में बिलासपुर के स्वर्गीय बीआर यादव स्टेडियम में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे।

## नए साल का जश्न, पिकनिक के बजाय पहाड़ी कोरवाओं के बीच

# रौनियार महिला समाज ने पहाड़ी कोरवा गांव में बांटी सामग्री




**जशपुरनगर।** रौनीयार महिला शक्ति के द्वारा पहाड़ी कोरवा गांव में जरूरत की चीजें बिस्किट, चॉकलेट, पेन,कॉपी, कलर, पेंसिल, स्वेटर, कपड़े और कंबल का वितरण रौनियार महिला शक्ति की के द्वारा आपसी कंट्रीब्यूशन से किया गया। साथ ही उनकी बहुत सारी समस्याओं को सबने ध्यान से सुना जिसमें बहुत बड़ी और अहम समस्या पानी की थी उसे भी सब ने सुना और इस पर कोई रास्ता निकालने के लिए पहल करने का वादा भी रौनियार महिला शक्ति के द्वारा किया गया।

प्रत्येक वर्ष रौनियार महिला शक्ति के द्वारा गरीबों में कंबल और वस्त्र तथा जरूरत की चीजों का वितरण किया जाता है। शुरुआत में तीन-चार वर्ष यह कार्य किसी गांव में जाकर किया जाता था लेकिन पिछले तीन वर्षों से लगातार यह कार्य रौनियार भवन के सामने के किया जाता है जोकि जशपुर बाजार डांड में स्थित है।पर इस वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार सभी ने निर्णय लिया कि फिर से किसी दूरस्थ गांव में जाकर यह कार्य किया जाए। इसके लिए इन्होंने पहाड़ी कोरवा बस्ती कोरवा पारा का चुनाव किया। यह गांव जिला मुख्यालय से लगा हुआ है मगर उपेक्षित स्थिति में है। जहां पीने की पानी की बहुत बड़ी समस्या है। जब रौनियार महिला शक्ति की बहने वहां पहुंची तो उन्होंने उन्हें उनके पानी के स्त्रोत तक देखने को कहा ,सभी बहुत उत्साह से गए लेकिन जितनी गहराई में वह पानी लेने के लिए जितनी दूर तक जाते हैं वहां तक पहुंचने में सिर्फ तीन-चार लोग ही सक्षम हो सके ।तो जब ऐसी स्थिति है तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि रोजाना पीने के पानी के लिए इन्हें कितनी परेशानी उठानी पड़ती है ।रौनियार महिला शक्ति के अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने बताया कि यह संवेदना का गोद ग्राम है मैं हमेशा यहां आती रही हूं।इस वर्ष इस गांव का चयन करने के पीछे कारण है कि यह बहुत ही पिछड़ा हुआ गांव है। यहां के लोग अत्यधिक गरीबी में जीवन जी रहे हैं ।वहां के लोग एक छोटी सी ढोढी का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पानी की समस्या को दूर करने के लिए यथासंभव प्रयास हमारे द्वारा करने का प्रयत्न किया जाएगा और जिला कलेक्टर तक भी यह बात पहुंचाई जाएगी। रौनियार महिला शक्ति की बहुत सारी महिलाएं संगीता गुप्ता,बबीता गुप्ता, अर्चना गुप्ता ,नीलम गुप्ता, तनुजा गुप्ता, संगीता गुप्ता ,रेनू गुप्ता, स्वीटी गुप्ता, जूली गुप्ता,रेखा गुप्ता,पूनम गुप्ता, नेहा गुप्ता , मुक्ता गुप्ता, अनीता गुप्ता,आरती गुप्ता, शोभा गुप्ता,रानी गुप्ता, जूही गुप्ता, रूबी गुप्ता, कल्पना गुप्ता के अलावा समाज के जागरूकता कार्यक्रम में हमेशा शामिल ⏭ शेष पेज 4 पर

# मधुमक्खी पालन से लाभान्वित हो रहे किसान



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राज्य योजना अंतर्गत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु जशपुर जिले के कुल 20 कृषकों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना तथा फसलों के परागण के माध्यम से उत्पादन बढ़ाना है। योजना के तहत लाभार्थियों को मधुमक्खी पेटी बी बॉक्स मय मधुमक्खी कॉलोनी हेतु 1600, मधुमक्खी छत्ता हेतु 800 मधु निष्कासन यंत्र हेतु 8000 अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। मधुमक्खी पालन के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता नहीं होती। किसान इसे अपनी खेती के साथ-साथ आसानी से अपना सकते हैं। मधुमक्खी पालन अंतर्गत सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता से निम्नलिखित क्षेत्रों को मजबूत बना रही हैं।

### फसलों की पैदावार बढ़ाने में मधुमक्खियों की अहम भूमिका

मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मधुमक्खियों द्वारा किए गए परागण से फल, सब्ज़ी और तिलहनी फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। सरसों, लीची, आम, अमरूद, सूरजमुखी, धनिया, सब्ज़ी फसलें और जंगली फूल मधुमक्खियों के लिए उत्तम पुष्प स्रोत हैं। वैज्ञानिकों ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### सांसद चिंतामणि महाराज ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम धनेशपुर एवं छुराकोना में प्रधान मंत्री जनमन योजना अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के माध्यम से जनजातीय लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समावेशी विकास और सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### कन्या स्कूल में दिव्यांग बच्चों और पालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार विकासखंड सूरजपुर के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में किया गया,जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके पालक,समुदाय के लोग और सामान्य बच्चे भी सम्मिलित हुए,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के समावेशन और शाला त्यागी बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु चर्चा की गई,साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल कार्यक्रम आयोजित हुआ,इसमें शाला त्यागी बच्चों की पहचान करने और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरजपुर मनोज कुमार मंडल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। आयोजन को सफल बनाने में बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, मास्टर ट्रेनर्स समावेशी शिक्षा राधा नंदी, योगेश चंद्राकर तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर व अन्य सक्रिय रहे।

### सुभद्रा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल



**बिश्रामपुर।** नव वर्ष के अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल द्वारा क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उनके साथ भोजन ग्रहण किया गया,गौरतलब है कि आज रविवार को बिश्रामपुर के 1बी- 1सी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों व परिवारों को कंबल वितरण कर मंदिर प्रांगण में ही उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी,इसमें सुभद्रा महिला मंडल के सभी सदस्यों ने जरूरतमंद गरीब नारायण लोगों के साथ मिलकर भोजन किया,जिससे उनके चेहरों में खुशी एवं सम्मानता की झलक देखने को मिली,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा उन्हें स्वच्छता के विषय में भी जागरूक किया गया कि खुद को किस प्रकार स्वच्छ रखकर स्वस्थ जीवन यापन करना है,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से महिला मंडल अपने सेवाकार्य संपादित कर रही है,ताकि हर वर्ग को समानता का एहसास हो और साथ ही उनकी कुछ आवश्यकता भी हम पूरी कर सके, कार्यक्रम में सुभद्रा महिला मंडल की गीता स्वाई, अनुराधा प्रधान,लीलावती स्वाई,मीरा महापात्र, मंजू स्वाई, प्रभासिनी नायक, रीत त्रिपाठी, नीलाद्री साहू, संगीता त्रिपाठी, ममता सेठी, रीता, ससमिता स्वाई, स्मिता कहर,प्रियंका देवरी, दीपा, गीता स्वाई,तुकुनि स्वाई, मिनी,नीतू केशरवानी,बसंती स्वाई व अन्य उपस्थित थे।

### आदिवासी कांग्रेस के कुलदीप बनाए गए प्रभारी महामंत्री



**बिश्रामपुर।** आदिवासी कांग्रेस संगठन में बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया गया है,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कुलदीप कुमार ध्रुव को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है,उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में भारी वाहनों को खड़ा करने दिए गए निर्देश

# रिंग रोड पर खड़े भारी वाहनों को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त, हटाई गई यात्री बस व ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग रोड़ पर भारी वाहनों के सड़क पर खड़ा होने से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रिंग रोड़ पर होने वाले दुर्घटना को कम करने तथा बेहतर आवागमन के लिए अब पुलिस प्रशासन सख्त हो गई है। गत दिन यातायात एवं पुलिस टीम द्वारा सड़क पर खड़े वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ ही चालानी कार्रवाई की। साथ ही रिंग रोड के बजाए भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ा करने के निर्देश दिए है।

**खास बात**
- यातायात पुलिस ने कुछ वाहनों पर की चालानी कार्रवाई, चालकों को दी गई हिदायत

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान जागरूकता के साथ साथ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा गत दिन रिंग रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गो मे यातायात के नियमो की अवहेलना कर भारी वाहनो को खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख़्ती से कार्रवाई की गई। बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र एवं यातायात पुलिस द्वारा मौक़े पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इसके अलावा पुलिस टीम ने रिंग रोड मे भारी वाहनों को खड़ा करने वाले वाहन चालकों विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने भारी वाहन चालकों से कहा कि यातायात के नियमो का पालन करें, भारी वाहनों को रिंग रोड या प्रमुख भीतरी मार्गो पर खड़ी न करें। साथ ही बड़े वाहनों हेतु निर्धारित पार्किंग स्थल ट्रांसपोर्टनगर मे भारी वाहनों को खड़ी करना सुनिश्चित करें। रिंग रोड पर भारी वाहन खड़ी होना पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा सख़्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गौरतलब है कि शहर के रिंग रोड पर बड़ी संख्या में गैरेज संचालित है और गैरेज के सामने बड़ी संख्या में वाहन मरम्मत कार्य किया जाता है। गांधी चौक से लेकर भारत माता चौक तक अधिकांश गैरेज संचालित है। ऐसे में ट्रक सहित यात्री बस रिंग रोड पर कतार बद्ध एवं बेतरतीब तरीके से खड़े होने से दो पहिया चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।






रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते पुलिस अधिकारी।

**हो चुकी है कई दुर्घटना**

रिंग रोड पर कतार बद्ध तरीके से भारी वाहनों के खड़ा होने से मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहनों के लिए कम जगह होती है। ऐसे में मार्ग संकरी होने से न सिर्फ अन्य वाहन चालकों को दिक्कत होती है बल्कि संकरी सड़क होने से कई बाद बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हाल ही में रिंग रोड पर ट्रक के सड़क पर खड़ा होने से बाइक सवार ट्रक से जा टकरा गए जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**नहीं हो सकी शिफ्ट**

रिंग रोड के निर्माण से पूर्व ही नगर निगम व प्रशासन द्वारा शहर के रिंग रोड में संचालित गैरेजों को ट्रांसपोर्ट नगर में विस्थापित करने की योजना बनाई थी। नगर निगम द्वारा शहर के 80 गैरेज का चिन्हांकन किया था। जिसके लिए नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में गैरेज संचालित करने के लिए गुमटी सहित विद्युत की व्यवस्था की परंतु कई साल बीत जाने के बावजूद गैरेज शिफ्ट नहीं हो सकी।



## किक बॉक्सिंग जोनल लीग में जिले के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेलो इंडिया अश्मिता किकबॉक्सिंग जोनल लीग 25 से 28 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में देश के 8 राज्यों की टीमों के 495 खिलाड़ी, कोच एवं ऑफिशियल्स ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य से 70 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें सरगुजा जिले के किकबॉक्सिंग क्लब से सर्वर एक्का छत्तीसगढ़ के कोच के रूप में शामिल रहे। क्लब से 4 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लो किक इवेंट में स्वाति राजवाड़े ने स्वर्ण पदक, सोनिया सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं प्रीति पैकरा एवं सुनैना यादव ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य, जिला, अपने क्लब, कोच एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कोच के रूप में सर्वर एक्का, अमन सोनी, सत्यम साहू, सूरज साहू एवं विशाल गायक ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि प्रभात साहू रेफरी के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न वर्गों की महिला खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्गों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 7 स्वर्ण, 5 रजत एवं 21 कांस्य पदक जीते।

सरगुजा किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव एवं कोच सर्वर एक्का तथा संघ के सभी सदस्य श्रीमती वर्षा गुप्ता, दीपक प्रजापति, प्रत्युप्त पांडेय, खेलावन दास, लक्की ठाकुर एवं आशीष तिर्की ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## झारखंड से पहुंचे दंतैल ने 6 घरों में की तोड़फोड़, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



झारखंड से पहुंचे दंतैल ने बीती रात सीमावर्ती ग्राम आनंदपुर में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल दो घंटे तक बस्ती में तोड़फोड़ मचाता रहा। भयभीत ग्रामीण अपनी जान बचाने इधर उधर छिपते रहे।

शुक्रवार की रात 2 बजे सीमावर्ती झारखंड जंगल से एक दंतैल पहुंचा एवं आनंदपुर बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ मचाने लगा। जिस समय दंतैल पहुंचा ग्रामीण गहरी नींद में थे। घरों में तोड़फोड़ होने का शोर सुनकर ग्रामीण अपनी जान बचाने परिवार के सदस्यों के साथ इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई। दंतैल बस्ती में घुसते ही घरों में तोड़फोड़ करने लगा। इससे पहले दंतैल ने बाबूलाल पंडो के घर के दरवाजे को उखाड़ा तथा घर में घुसने की कोशिशे करने लगा। असफल होने पर अपने सुंड से कमरे में रखे सामानों को खींच कर इधर उधर फेंकने लगा। दंतैल ने गांव के किफायत अंसारी, राम सुंदर, राम दास, मेहताब आलम, लक्ष्मी नारायण एवं बैजनाथ के घरों में तोड़फोड़ की तथा किसी के घर की दीवार को ढहा दिया तो किसी का छप्पर उजाड़ दिया तथा घरों में रखे सामानों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव में दंतैल पहुंचने की सूचना पर वन विभाग दो टीमें पहुंची लेकिन दंतैल का आक्रामक रवैया देख वन कर्मी उसे खदेड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सुबह 4 बजे दंतैल जंगल की ओर गया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन अधिकारियों के अनुसार दंतैल पिछले एक पखवाड़े से वन परिक्षेत्र रामानुजगंज एवं धमनी के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचा रहा है। सुबह होते ही वह नदी पार कर झारखंड सीमा में पहुंच जाता है तथा कभी शाम ढलते ही तो कभी मध्यरात्रि में रामानुजगंज एवं धमनी रेंज के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचाता है। आपसी समन्वय के अभाव में दंतैल के आवागमन की सूचना वन अमले को नहीं मिल पाती जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण भारी दहशत के बीच ठंड भरी रात गुजार रहे है। वन अमला क्षति का आकलन कर रहा है। इस संबंध में धमनी रेंज के परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि दंतैल पिछले 15 दिनों से धमनी एवं रामानुजगंज क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है तथा कभी भी नदी पार कर सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच जा रहा है। दंतैल के अचानक सीमावर्ती गांवों में पहुंचने से हमेशा खतरा बना हुआ है।

### पैर का जख्म ठीक नहीं होने पर वृद्ध ने पी लिया जहर,मौत

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से पैर का जख्म ठीक नहीं होने से परेशान वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी राम नारायण आ. स्व. रजनाथ अगरिया (68 वर्ष) दाहिने पैर के नीचे गहरा जख्म होने से लंबे समय से परेशान था। वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान कीड़ा होने की आशंका पर जख्म में कीटनाशक लगा लेता था। हालांकि परिजन कीटनाशक लगाने से मना करते लेकिन वृद्ध नहीं मानता। 1 जनवरी को वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान जख्म में कीटनाशक लगाने के पश्चात कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मंत्री नेताम ने बस को हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है।

- संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी करेंगें शैक्षणिक भ्रमण

छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। इस दौरान पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित रहे।

## आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



सरगुजा रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव का जिले में आगमन हुआ और सूरजपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की जिसके बाद तैकिब खान के निवास पर शोक श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात, गिरवरगंज में शोक श्रद्धांजलि सभा, झूमरपारा में क्रिकेट समापन, कमलपुर में भागवत कथा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जगह -जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, कांग्रेस नेता कश्मीरी लाल अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजीव सिंह, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, नरेन्द्र यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, नीरज तायल, धर्मेन्द्र सिंह, अविनाश यादव, शरद सिंह, अनवर खान, नैतिक अग्रवाल, अनुराग डालमिया, डब्लू चौबे, सैयद नदीम, लक्ष्मण राजवाड़े, गिरधारी साहू, रुद्र प्रताप सिंह, लिवनेश सिंह, अफरोज अंसारी, हिमांशु सिंह, आकाश सिंह, शिवम साहू, हरि साहू, संतोष साहू, कलकत्ता राजवाड़े, यश दास, पीयूष कुशवाहा, दीप सोनवानी, अमित पैकरा, सोमू खान, डिकेश यादव, सोनू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की मांग, कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने सूरजपुर में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का सूरजपुर विश्राम गृह मे स्वागत करने के उपरांत कृषि मंत्री श्री नेताम को अवगत कराया की जिला का गठन वर्ष 2012 मे होने के उपरांत अभी तक जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना नही हो सका है ।

## शासकीय भूमि को निजी बताकर बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शासन की भूमि को निजी स्वामित्व का होना बता कर अवैध रूप से बेचकर लाखों रुपयों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा लोगों को झूठे एवं भ्रामक आश्वासन देकर शासकीय भूमि को अपनी निजी स्वामित्व का होना बताकर अलग-अलग 41 लोगों से लाखो की ठगी किया था।

पुलिस के मुताबिक रनपुरखुर्द अंतर्गत बेनीपुर तकियापारा निवासी नेजारूदीन अंसारी ने कोतवाली आकर रिर्पोट दर्ज कराया था कि अन्य व्यक्ति अलग-अलग जगह से करीब 15-20 साल पहले अम्बिकापुर में आकर किराया के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच मो. रशिद द्वारा शासन की भूमि को अपना बता कर उसे अवैध रूप से बेचा गया एवं लाखो रुपयों की ठगी कर लिया गया है। वर्ष 2008 से 2022 के मध्य मो. रशिद ने अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से ग्राम रनपुर, खैरबार स्थित निवासी लगभग 41 व्यक्तियों को यह विश्वास दिलाया कि वहां की एक निश्चित भूमि उनकी स्वामित्व की निजी भूमि है तथा वैधानिक रूप से विक्रय योग्य है। झूठे एवं भ्रामक आश्वासनों के आधार पर मो. राशिद द्वारा अल्पशिक्षित व्यक्तियों के साथ विक्रय अनुबंध, बिक्री विलेख, निष्पादित किए गए तथा प्रत्येक व्यक्ति से लगभग एक लाख पचास हजार रुपये की राशि लिया गया है। इधर भूमि खरीदने वालों को यह जानकारी या समझ नहीं थी कि भूमि वास्तव में वन भूमि है, जो कानूनन न तो निजी स्वामित्व में हो सकती है और न ही उसका विक्रय किया जा सकता है।

# सर्द हवाओं के साथ कोहरे ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के साथ रविवार को सुबह छाए घने कोहरे के कारण लोग ठंड से परेशान रहे। सुबह 10 बजे धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांसे ली।

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है तथा आगे निकल रहा है। विक्षोभ की नमी के साथ अब उत्तरप्रदेश का कोहरा मध्य भारत में पहुंच रहा है। रविवार को आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बीच सुबह पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के साथ घना कोहरा छाया रहा। सुबह कभी बारिश पूर्व का मौसम तो कभी कड़ाके की ठंड का अहसास करा रहा था। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का घनत्व अधिक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। मौसम विज्ञानी सोमवार को भी कोहरा के प्रभावी रहने एवं घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई थी तथा न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि होने के बाद ठंड से राहत मिली है। रविवार को भी आसमान पर बादलों की सक्रियता रही। मौसम में आए बदलाव से दिन में अच्छी धूप निकल रही है। जिससे स्वेटर-कोट असहज लग रहे हैं वहीं शाम ढलने के बाद अच्छी ठंड पड़ रही है। एक महीने बाद रविवार को न्यूनतम पारा 10 डिग्री के निकट पहुंचने से ठंड से काफी राहत है। इसके पूर्व 1 दिसम्बर को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था तथा रविवार को एक महीने की लम्बी अवधि के बाद पारा 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। बीच की अवधि में न्यूनतम पारा लगातार 5-6 डिग्री सेल्सियस के मध्य स्थिर रहा।

- विक्षोभ पड़ा कमजोर, बढ़ेगी ठंड



# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

**मुंबई।** अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style



# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।

हॉलीवुड मसाला




# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।




# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश

**मुंबई।** आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

टीवी मसाला



# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है। ।इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

***नई दिल्ली।*** *अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता हैं। राज कपूर से अपने रिश्ते के ज़रिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कज़िन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

### इक्कीस के बारे में

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर 800 करोड़ पार पहुंची कमाई

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें



दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।

## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल

# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

***नई दिल्ली।*** *मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*



### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत ने नहीं दी आरटीआई की जानकारी

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को कागज़ी कानून बनाकर रख दिया गया है। प्रथम अपील अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बीते 16 जून को किए गए आदेश के बावजूद 6 माह से अधिक समय बीत जाने पर भी जन सूचना अधिकारी ने एक भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। जारी आदेश की कंडिका क्रमांक 4 में कहा गया था कि मांगी गई जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम की किसी भी छूट श्रेणी में नहीं आती तथा 15 कार्य दिवसों के भीतर जानकारी देना अनिवार्य है। बावजूद इसके आदेश को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आरटीआई आवेदक अरुण ग्रेवाल वार्ड क्रमांक 10 ने बताया कि उन्होंने प्लेसमेंट कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत क्षेत्रफल, तथा संपत्ति कर निर्धारण दरों जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ मांगी थीं, जिनका सीधा संबंध जनहित और वित्तीय पारदर्शिता से है। जानकारी न देना यह दर्शाता है कि नगर पंचायत प्रशासन सच को दबाने और अनियमितताओं पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है।

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**राउरकेला।** सामाजिक सेवा एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास के उद्देश्य से त्रिशक्ति सेवा ट्रस्ट, लायंस क्लब ऑफ राउरकेला वेदव्यास के सहयोग से 7 जनवरी से 9 जनवरी तक एक निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर त्रिशक्ति धाम, हनुमान वाटिका, राउरकेला में आयोजित किया जाएगा। शिविर से संबंधित जानकारी आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन सकें। शिविर के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञ लाभार्थियों की जांच करेंगे, माप लेंगे और उन्हें कृत्रिम अंग फिट किए जाएंगे। सभी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही शिविर में भाग लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। यह शिविर अग्रवंशी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### राजस्व- वन विभाग के मध्य होगी प्रतियोगिताएं

**बणाई।** अपने अपने कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व फिट रखने के उद्देश्य से वन विभाग तथा राजस्व विभाग की ओर से खेल और व्यायाम पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दिशा में बणाई के उप जिलाधिकारी अक्षय कुमार पिल्ले एवं बणाई के डीएफओ ललित मोहन पात्र की पहल सराहनीय है। कर्मचारियों को फिट बनाए रखने के लिए दोनों विभागों ने एक अलग और अभिनव प्रयास की शुरुआत की है। खेलों के माध्यम से यह फिटनेस कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में बणाई वन विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों के बीच एक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

## शहर के समग्र विकास के लिए बड़े और दूरगामी प्रोजेक्ट्स हो रहा काम

# पहले एक बड़ा गार्डन था, अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े उद्यानों की श्रृंखलाः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने के लिए ठोस योजना के साथ निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़े प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारकर आम नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 85 लाख 67 हजार के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

■ शहर के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ रुपए से अधिक के

इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि पहले रायगढ़ में केवल एक बड़ा गार्डन था, लेकिन अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े गार्डनों की श्रृंखला विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में शहर के हृदय स्थल इतवारी बाजार में 10 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक ऑक्सीजोन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। किसान राइस मिल के पास 13 करोड़ रुपए, राजीव नगर में दुग्ध डेयरी के पास 4 करोड़ रुपए की लागत से गार्डन निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा कोसाबाड़ी बस डिपो, कयाघाट एवं खर्रा घाट में भी बड़े गार्डन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आगामी समय में लगभग 20 स्थानों पर ओपन जिम भी विकसित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि शहर में जहां-जहां खाली भूमि उपलब्ध है, वहां सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री।

रायगढ़ की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही कोतरा रोड थाना चौक से ढिमरापुर, मेडिकल कॉलेज रोड, महापल्ली मार्ग तथा ढ़मिरापुर से जिंदल की ओर फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक, राजमहल चौक, इंदिरा नगर, कयाघाट एवं मेडिकल कॉलेज चौक जैसे प्रमुख स्थलों का एक साथ विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर का स्वरूप बदलेगा और यातायात सुगम होगा।

### युवाओं के भविष्य के लिए 40 करोड़ का नालंदा परिसर

वित्त मंत्री ने बताया कि युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण अंतिम चरण में है। यह परिसर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। साथ ही फिजियोथेरेपी कॉलेज, प्रयास विद्यालय, कला एवं संगीत महाविद्यालय तथा हार्टीकल्चर कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ को नई पहचान मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि गढ़उमरिया में बालिकाओं के लिए 'नव गुरुकुल' की स्थापना की गई है, जहां 2 वर्षों का पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वित्त मंत्री से मिले सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल

**रायगढ़।** गतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रदीप श्रृंगी अश्वनी बबलू त्रिवेदी, टीएस चतुर्वेदी, शहर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मनोज बंजारे सहित समाज के सम्मानित सदस्यों ने समाज से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी से उनके राजधानी स्थित आवास में मुलाकात कर चर्चा की।





## छेरछेरा पर्व की धूम, चंद्रपुर में गूंजा लोक उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

छत्तीसगढ़ में तीज त्योहारों का विशेष महत्व है, जो समाज को आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता के सूत्र में बांधते हैं। इन्हीं परंपरागत त्योहारों में प्रमुख छेरछेरा पर्व शनिवार को नगर पंचायत चंद्रपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

पौष पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पर्व फसल कटाई के बाद अन्न और समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व के दिन छोटे बड़े, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एक दूसरे के घर जाकर अन्न धन की कामना के साथ छेरछेरा मांगते हैं। इस परंपरा के अनुसार बच्चे हाथों में टोकरी और झोला लेकर घर घर पहुंचे और छेरछेरा-छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरा जैसे पारंपरिक गीतों के साथ अन्न की मांग करते नजर आए। घरों से लोगों ने उत्साहपूर्वक चावल, धान, दाल सहित अन्न दान किया। नगर पंचायत चंद्रपुर में यादव मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, भारत माता चौक, बस स्टैंडए मंदिर चौक, शशिपूर, माली मोहल्ला, निषाद मोहल्ला सहित अन्य गली कूचों में सुबह से ही बच्चों की टोलियां घूमती रहीं। वहीं कई स्थानों पर बड़े भी ढोल नगाड़ों के साथ छेरछेरा मांगते दिखाई दिए, जिससे पूरा नगर लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

### 2026 को पुलिस ने किया स्वछता माह घोषित

**राउरकेला।** स्वच्छता, स्वच्छ जीवनशैली तथा नागरिक मैत्रीपूर्ण पुलिसिंग वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनवरी 2026 को स्वच्छता माह घोषित किया गया है। सभी पुलिस थानों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अपने अपने क्षेत्राधिकार में पुलिस थाना परिसरों और कार्यालय परिसरों की पूरी तरह से साफ सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की गई। राउरकेला पुलिस नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वागतयोग्य सार्वजनिक सेवा स्थल बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## कन्या शाला के छात्राओं ने जाना व्यापार के तरीके

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा मे संचालित व्यवसायिक विभाग अंतर्गत कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के लिए स्मार्ट बाजार रायगढ़ ले जाया गया। इसी संदर्भ मे स्थानीय व्यावसायिक केंद्र कपड़ा दुकान सोनू क्लाथ स्टोर घरघोड़ा में औद्योगिक भ्रमण कराया गया।




इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वस्तु बेचने की प्रक्रिया एवं औद्योगिक उपकरणों विज्ञापन करना बिलिंग मशीन बार कोड रीडर जैसे विभिन्न प्रकार मशीनों की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही साथ लोगों के मध्य वस्तुओं के बारे में कैसे जानकारी हो सकता है। इसकी जानकारी बताया गया यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। भ्रमण के दौरान प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा के मार्ग दर्शन में व्याख्याता त्रिलोक गया चक्रधारी पीटीआई शिक्षिका सुश्री सीमा लकड़ा आई टी प्रशिक्षक प्रमोद साहू तथा रिटेल प्रशिक्षक संतोष साव के उपस्थित में भ्रमण कराया गया। इसी क्रम में शासन के आदेशानुसार शीतकालीन छुट्टी के दौरान व्यावसायिक पाठ्यक्रम में होने वाली प्रशिक्षण इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम घरघोड़ा के प्रतिष्ठित संस्थान सोनू क्लॉथ स्टोर में प्राचार्य तथा पालकों के संज्ञान में रिटेल प्रशिक्षक संतोष साव के द्वारा संपन्न कराया गया। दस दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम व्यावसायिक पाठ्यक्रम शिक्षा के अंतर्गत होने वाली दस दिवसीय कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के सभी रिटेल छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसके अंतर्गत वस्तु को बेचना, बिलिंग करना, साफ सफाई के साथ काम करना, ग्राहकों से संवाद स्थापित करना, विज्ञापन करना, लोगों को सही गुणवत्ता युक्त सामान की पहचान कैसे कराया जा सकता है तथा विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक विषय वस्तु को प्रशिक्षण में शामिल किया गया था।

### एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला

**कोसीर।** आरएएमपी योजना के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र उप प्रबंधक, मास्टर ट्रेनर टूकेशवर कोशले विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करेंगे। निराला मास्टर ट्रेनर एवं टूकेश्वर कोशले सहित टीम प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करेंगे। प्रतिभागियों मे टाइल्स, बेकरी, पैरा उत्पाद, दोना-पत्तल और बैग निर्माण जैसे उद्यमों में गहरी रुचि के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उद्यमिता के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया जाएगा। युवाओं में स्वरोजगार एवं स्थानीय उत्पादन आधारित उद्यम स्थापना की नई सोच विकसित होगी।

## चंद्रपुर थाना क्षेत्र के गांव-गांव में चल रहा खुलेआम जुआ, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर थाना क्षेत्र क्षेत्र से लगे ग्राम महुआपाली में लंबे समय से जुए का खेल बेखौफ चल रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के मुताबिक जुए की सूचना बार बार मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

■ महुआपाली बना जुए का अड्डा, बाहर से आ रहे खाईवाल

सूत्रों की मानें तो महुआपाली में सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि चंद्रपुर, गोड़म, नवरंगपुर, कपीसदा, गुडेली, डभरा, खरसिया और रायगढ़ तक के खाईवाल सक्रिय हैं। कई खाईवाल चंद्रपुर और डभरा थाना क्षेत्र में स्थायी रूप से डेरा जमाए हुए हैं। महुआपाली मांड नदी के किनारे स्थित है। वहीं पास में डभरा थाना अंतर्गत बगरैल गांव भी है। इसी भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर खाईवाल कभी महुआपाली तो कभी बगरैल में जुए का फड़ बदल बदलकर संचालित कर रहे हैं, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

### अंकिता के जाते ही बेलगाम हुए अवैध कारोबारी

जब तक तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा जिले की कमान संभाले हुए थीं, तब तक अवैध गतिविधियों पर सख्त लगाम लगी हुई थी। जुआ, सट्टा और अवैध शराब के कारोबारियों में खौफ का माहौल था। लगातार छापेमारी, सख्त कार्रवाई और त्वरित निर्णयों के चलते जिले में अवैध कारोबार लगभग ठप हो गया था। कानून का डर साफ नजर आता था और पुलिस की सक्रियता से आम जनता को राहत मिली हुई थी, लेकिन जैसे ही अंकिता शर्मा का दूसरे जिले में स्थानांतरण हुआ वैसे ही अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए। पुराने खाईवाल फिर से सक्रिय हो गए और चंद्रपुर डभरा क्षेत्र को अपना सुरक्षित ठिकाना मान लिया। जुए के फड़ दोबारा सजने लगे और पुलिस की निष्क्रियता ने अवैध धंधों को खुली छूट दे दी।

महुआपाली क्षेत्र में जुए की गतिविधियों की शिकायत संज्ञान में आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही संबंधितों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**गगन बाजपेई**
**थाना प्रभारी, चंद्रपुर**

## एग्रीस्टेक में पुसौर के पांच गांव के किसानों का नहीं दिख रहा रकबा

**पुसौर।** पुसौर तहसील के पांच गांव छिछोर उमरिया, कोडपाली, पडिगांव, बड़े भंडार और केशला के दर्जनों ऐसे बड़े किसान हैं जिनका रकबा अभी भी एग्रीस्टेक में शो नहीं कर रहा है।

इन किसानों ने बीते साल इस रकबे में धान बिक्री किया था, लेकिन इस साल शो नहीं कर रहा है। याने रकबा ही गायब है। इस साल एग्रीस्टेक में संबंधित रकबा नहीं दिखाया जिसके कारण पटवारी, तहसील और सोसायटी कई बार किसानों ने चक्कर काटा, लेकिन सुधार नहीं हो सका। ज्ञात हो कि एग्रीस्टेक में रकबा शामिल करने की प्रक्रिया को तहसील कार्यालय सहित संबंधित अन्य लोगों को जानकारी नहीं हो पाने की स्थिति में सैकडों किसान दर्रामुड़ा के एक कम्प्युटर आपरेटर के यहां जा कर अपना काम कराया है। इसके बावजूद भी अब तक कई रकबा का एग्रीस्टेक नहीं हो पाया। छेरछेरा त्यौहार के दिन लोग जहां आनंद उठाने की तैयारी कर रहे थे। वहीं कुछ किसान अपना रकबा सुधरवाने चक्कर लगा रहे हैं।




## विवाह पूर्व कार्यशाला से संस्कारों को मजबूती, पशुधन संरक्षण पर कड़ा रुख

# महाकुल यादव समाज की निर्णायक बैठक

**जशपुरनगर।** समाज में बढ़ती वैवाहिक विसंगतियों, गौ-तस्करी और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों को लेकर महाकुल यादव समाज ने रविवार 4 जनवरी 2026 को ठोस और दूरगामी फैसले लिए।

महाकुल यादव भवन, वृंदावन बगीचा में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की। बैठक में समाज को अनुशासित, संस्कारित और स्वावलंबी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने कहा कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे कारणों से वैवाहिक जीवन में तनाव और मनमुटाव बढ़ रहा है, जिसका दुष्परिणाम विवाह विच्छेद के रूप में सामने आ रहा है। इसे रोकने के लिए विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय विवाह पूर्व कार्यशाला आयोजित करना अनिवार्य बताया गया।उन्होंने स्पष्ट किया कि विवाह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है, जिसकी मजबूत नींव संस्कार और समझ से ही रखी जा सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश महामंत्री जगदीश चंद आपट ने विवाह पूर्व कार्यशाला एवं विवाह पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) सामाजिक नियमावली 2025-26 का पठन कर सुनाया और ब्लॉक, मंडल व ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों से इसके प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक में दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट प्रारंभ किए जाने की पहल को समाज के लिए आर्थिक उन्नति का सुनहरा अवसर बताया गया।समाज को गौ-पालन, दुग्ध उत्पादन और डेयरी व्यवसाय से जोड़कर स्थायी आजीविका सृजन पर बल दिया गया। बैठक के समापन अवसर पर प्रदेश महामंत्री रविशंकर यादव ने कहा कि समाज का प्रत्येक सदस्य ऐसा कोई कार्य न करे जिससे समाज की प्रतिष्ठा पर आंच आए। सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर, एकता और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।



### पशुधन क्रय-विक्रय पर सख्त सामाजिक निर्णय

बैठक में पशुधन संरक्षण को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया।दुग्धारू पशुओं एवं कृषि कार्य हेतु उपयोगी पशुओं के वैध क्रय-विक्रय को समर्थन।गौ माता की तस्करी एवं अवैध कटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध। अवैध रूप से गाय-बैल की खरीद-बिक्री कर बूचड़खाने तक ले जाने वाले व्यापारियों पर सामाजिक नियमावली के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश।ग्रामीणपदाधिकारियों को ऐसे मामलों में विशेष अधिकार सौंपे गए।

### रील नहीं, रोजगार की सोच

प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे मोबाइल पर समय नष्ट करने के बजाय सरकारी योजनाओं की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उद्योग-उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए विशेष सब्सिडी दी जा रही है, जिसका लाभ उठाकर युवा और किसान स्वावलंबी बन सकते हैं।आसपास के सफल उद्यमियों से प्रेरणा लेकर समाज को आर्थिक रूप से मजबूत करने की अपील की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले में स्कूल भवन ...

महाविद्यालयों की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। अब जिले के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में 8 विभिन्न स्कूल भवनों के निर्माण के लिए 6 करोड़ 19 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है, जिससे शिक्षा का वातावरण और भी सुदृढ़ होगा।इसी क्रम में, फरसाबहार में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शुभारंभ हुआ है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए आगे की शिक्षा का नया द्वार खोलेगा। समानता आधारित शिक्षा के लिए विशेष पहल के तौर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 1.77 करोड़ रुपये से आदर्श आवासीय परिसर का निर्माण स्वीकृत हुआ है, जिससे सुविधा, सुरक्षा और विशेष शिक्षण संसाधन उपलब्ध होंगे।इसके अलावा बगिया एवं बंदरचूआ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु 3 करोड़ 18 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इससे आधुनिक संसाधनों, स्मार्ट कक्षाओं और उन्नत शिक्षण वातावरण का लाभ सीधे छात्रों को मिलेगा। यह व्यापक शैक्षणिक विकास केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि जशपुर की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को मजबूत करने वाला निवेश है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि और संकल्प से आज जशपुर "शिक्षा सम्पन्न दृ भविष्य सुरक्षित"की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### रौनियार महिला समाज ...

रहने वाली शालिनी गुप्ता भी इस कार्यक्रम में शामिल थीं। शालिनी ने भी कहा कि उनके द्वारा भी पानी की समस्या के निदान के लिए प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं के अलावा समाज की युवा पीढ़ी शशांक गुप्ता, आदर्श गुप्ता, हिमांशु गुप्ता और शौर्य गुप्ता शामिल थे जिन्होंने इस बस्ती तक सबको पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई थी।

### फसलों की पैदावार ...

का मानना है कि मधुमक्खी पालन अपनाने से टिकाऊ और लाभकारी कृषि को बढ़ावा मिलता है। स्वरोज़गार का अवसर- मधुमक्खी पालन ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोज़गार का अच्छा माध्यम बन रहा है। प्रशिक्षण लेकर कोई भी व्यक्ति इस कार्य को आसानी से शुरू कर सकता है। शहद, मोम, रॉयल जेली जैसे उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है। सरकार द्वारा आर्थिक सहायता एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यावरण संरक्षण में सहायक- मधुमक्खियां जैव विविधता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। इनके बिना प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मधुमक्खियों की संख्या घट रही है, जो चिंता का विषय है। ऐसे में मधुमक्खी-अनुकूल खेती को अपनाने की आवश्यकता है। कम लागत, अधिक मुनाफा- कम निवेश में अधिक लाभ देने वाली मधुमक्खी पालन आज किसानों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एक मधुमक्खी बॉक्स से साल में कई बार शहद उत्पादन किया जा सकता है। सही प्रबंधन से अच्छी आमदनी संभव है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि मौसम, पुष्प स्रोत और वैज्ञानिक तकनीकों का ध्यान रखकर मधुमक्खी पालन किया जाए, ताकि उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बेहतर हों।

